

पशु चिकित्सा भैषज्य एवं विष विज्ञान विभाग, लुवास, हिसार

कीटनाशकों के उचित उपयोग के कुछ सुझाव

लेबल को ध्यान से पढ़ें

कीटनाशकों को ताले में रखें



छिड़काव के समय इनका प्रयोग करें

1. कीटनाशकों के डिब्बे पर दिए सुरक्षा निर्देशों को पढ़ें और उन का पालन करें।
2. कीटनाशकों का इस्तेमाल करते समय निजी सुरक्षा उपकरणों जैसे दस्ताने, मास्क व अभेद्य कपड़ों आदि का हमेशा प्रयोग करें।
3. इस्तेमाल करने से पहले कीटनाशकों के डिब्बे की सील व अप्रभावी होने की तिथि अवश्य जांच लें।
4. कीटनाशकों को तेज धूप व आग से दूर किसी सूखी व ठंडी जगह पर संग्रहित करें।
5. कीटनाशकों को बच्चों व पशुओं की पहुंच से दूर ताले में रखें।
6. कंपनी द्वारा बताये गए इस्तेमाल करने के तरीके व इस्तेमाल की मात्रा का सख्ती से पालन करें।
7. कीटनाशकों के इस्तेमाल व फसल की कटाई के बीच के अंतराल के बारे में दिए गए निर्देशों का पालन करें।
8. कीटनाशकों का छिड़काव तभी करें जब हवा ज्यादा तेज ना चल रही हो।
9. बचे हुए कीटनाशकों व उनके डिब्बों का निपटान इस प्रकार करना चाहिए के पर्यावरण पर बुरा असर न पड़े।
10. कीटनाशकों का छिड़काव करते समय धुम्रपान, मदिरापान या जलपान न करें।
11. कीटनाशकों के खाली डिब्बों को किसी और प्रयोग में न लाएँ।
12. कीटनाशकों के छिड़काव के पश्चात स्नान करें व पहने हुए कपड़ों को भी धो लें।

DORA 92153-40717

तकनीकी स्त्रोत, संकलन एवं संपादन :

डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. विनय कान्त, डॉ. प्रीति बागड़ी, डॉ. विजेयता तिवारी, डॉ. अर्चना लोहिया